कार्यालय आदेश

नाबार्ड योजनान्तर्गत कैमूर जिलाधीन दुर्गावती प्रखंड के मचकिया से मचकिया उच्च विद्यालय पथ में दुर्गावती नदी पर 3x24.75 मीटर आकार का उच्चस्तरीय आर0सी0सी0 पुल निर्माण कार्य का संवेदक M/S Jai Mata Dee and Maa Sita Construction, रोहतास प्रोपराईटर श्री संजय कुमार, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0 में निबंधन सं0–पु0निनि0 2/स्था0 (नि0)–01 (प्रथम)–390/2018 को एकरारनामा सं0– E.P.C./04/ SBD/ 2018-19 द्वारा आवंटित किया गया है। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ करने की तिथि 05.02.2019 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 04.08.2020 था। कार्य पूर्ण होने की तिथि समाप्त होने के बावजूद अबतक पुल निर्माण में Foundation का कार्य मात्र 60% किया गया है। वरीय परियोजना अभियन्ता कार्य प्रमंडल, आरा द्वारा विभिन्न पत्रों एवं मौखिक रूप से भी अनेकों बार कार्य की प्रगति में तेजी लाते हुए कार्य पूर्ण करने का निदेश संवेदक को दिया गया । परन्तु संवेदक द्वारा कार्य में अभिरूचि नहीं लिया जा रहा है।

उपरोक्त परिपेक्ष्य में वरीय परियोजना अभियन्ता, कार्य प्रमंडल आरा का पत्रांक–106 (अनु0) दिनांक–22.02. 2022 एवं उप मुख्य अभियन्ता कार्य प्रमंडल पटना–1 का पत्रांक–747 (अनु0) दिनांक– 01.06.2022 द्वारा संवेदक को डिवार करने हेतु अनुशंसा किया गया है।

संवेदक M/S Jai Mata Dee and Maa Sita Construction, रोहतास को कार्य में अभिरूचि नहीं लेने के कारण वरीय परियोजना अभियन्ता, कार्य प्रमंडल, आरा एवं उप मुख्य अभियन्ता, कार्य अंचल–1 की अनुशंसा के आलोक में उपरोक्त कार्य पूर्ण होने तक अगले निविदा में भाग लेने से वंचित/डिबार किया जाता है।

ह0/–
प्रबन्ध निदेशक
बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0, पटना।

ज्ञापांक–....................../पटना, दिनांक–......................
प्रतिलिपिः– सभी उप मुख्य अभियन्ता/सभी वरीय परियोजना अभियन्ता/वरीय योजना अभियन्ता/वरीय गुण नियंत्रण अभियन्ता, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
प्रबन्ध निदेशक
बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0,पटना।

ज्ञापांक–....................../पटना, दिनांक–......................
प्रतिलिपिः– संवेदक M/S Jai Mata Dee and Maa Sita Construction, रोहतास को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
प्रबन्ध निदेशक
बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0,पटना।

ज्ञापांक–2716/पटना, दिनांक–16/06/2022
प्रतिलिपिः– बेवसाईट प्रभारी, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

15/6/22
प्रबन्ध निदेशक
बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0,पटना।